तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 18 दिसंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

मेडिकल कालेज में उपकरण की खरीदी का प्रस्ताव पारित

4




## खबर संक्षेप

### कांग्रेस का भाजपा कार्यालय घेराव आज

**कोरबा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी द्वारा दर्ज एफआईआर को अदालत द्वारा रद्द किया जाना सत्य की जीत है और इसे मोदी-शाह तथा भारतीय जनता पार्टी के षडयंत्र का हिस्सा बताते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस द्वारा देश के प्रदेश एवं जिला मुख्यालयों में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय का घेराव किये जाने का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में जिला भाजपा कार्यालय में 18 दिसम्बर की दोपहर 3 बजे धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस के शहर जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार राठौर ने बताया कि उपरोक्त कार्यक्रम हेतु जिला कांग्रेस, ब्लाक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, कांग्रेस सेवादल, युथ कांग्रेस, एनएसयूआई, समस्त पार्षद, समस्त पूर्व पार्षद, एल्डरमेन, जिला एवं जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधि सहित समस्त प्रकोष्ठों एवं इंटक के पदाधिकारियों व सदस्यों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम में आमंत्रित किया है।

### प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 23 को

**कोरबा।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोरबा में केरियर ट्री एचआर साल्यूशन्स प्राईवेट लिमिटेड द्वारा सूजूकी मोटर गुजरात के लिए तकनीशियन पद हेतु 23 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जायेगा। उक्त प्लेमेंट कैंप में व्यवसाय मैकेनिक मोटर व्हीकल, मैकेनिक डीजल, ट्रेक्टर मैकेनिक, मशीनिष्ट, विद्युतकार, फिटर, टर्नर, वेल्डर, पेन्टर, वायरमेन, शीट मेटल से आईटीआई उत्तीर्ण इच्छुक आवेदक अपने समस्त मूल दस्तावेज एवं फोटोकापी 2 सेट तथा पासपोर्ट साइज फोटो के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित हो सकते हैं।

### डॉ.कुमकुम को मिली पीएचडी की उपाधि



**कोरबा।** डॉ. कुमकुम अरूण गुलहरे ने डॉ. विद्यावती चंद्राकर के मार्गदर्शन में अपना शोध कार्य पूर्ण कर पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। उनके शोध का विषय मुंशी प्रेमचंद के साहित्य में दलित जीवन एवं दलित चेतना रहा है। पूर्व में कमला नेहरू महाविद्यालय में प्राध्यापक रहीं डॉ. कुमकुम ने अपने शोध के जरिए समाज में दलितों की ऐतिहासिक दशा को उजागर कर उनके उत्थान पर बल दिया है। उन्होंने प्रेमचंद के साहित्यिक योगदान को डॉ. अंबेडकर और सावित्रीबाई फुले के सामाजिक कार्यों की कड़ी के रूप में प्रस्तुत किया है। यह शोध प्रबंध समाज निर्माण और प्रेमचंद के साहित्य को समझने में एक नई दिशा प्रदान करेगा।

### नेता प्रतिपक्ष ने आयुक्त को लिखा पत्र

**कोरबा।** नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू ने निगम आयुक्त को पत्र लिखा है जिसमें उल्लेख किया है कि नगर निगम के पार्षदों के द्वारा वार्ड के जनप्रतिनिधियों के समस्याओं के निराकरण हेतु मुख्य कार्यालय भवन में आना-जाना लगा रहता है, किन्तु पार्षदों की बैठक व्यवस्था हेतु कक्ष आबंटित नहीं होने के कारण पार्षदों को काफी असुविधा होती है, साथ ही वार्ड के समस्याओं को लेकर अधिकारियों को अवगत कराने हेतु मुख्य कार्यालय भवन आते है तो पार्षदों की वैठक हेतु कक्ष नहीं होने के कारण ईधर-उधर भटकना पड़ता है। कक्ष आबंटित कर टेबल, कुर्सी, एसी,भृत्य एवं अन्य लोगों के लिए बैठक व्यवस्था की सामाग्री उपलब्ध कराने की मांग रखी है।

# बैगलेस डे पर स्कूल में लग रही योग की पाठशाला, बच्चे हो रहे फिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

आयुर्वेद विभाग की जहां जहां डिस्पेंशरी संचालित है वहां नियुक्त योग प्रशिक्षक के द्वारा क्षेत्र के प्राइमरी और मीडिल स्कूल के बच्चों को योग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके लिए बैगलेस डे शनिवार का चयन स्कूल प्रबंधन के द्वारा किया गया है। प्रशिक्षण में बच्चों के साथ शिक्षक भी शामिल हो रहे हैं।

योग के प्रचार प्रसार का काम आयुष विंग के द्वारा स्कूलों में किया जा रहा है। इसके लिए आयुष विभाग की डिस्पेंशरी में पदस्थ किए गए योग प्रशिक्षकों इसकी जिम्मेदारी दी गई जिनके द्वारा आयुष डिस्पेंशरी के आसपास के स्कूलों में जाकर वहां के छात्रों एवं शिक्षकों को योग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इससे छात्रों में योग के प्रति रुचि बढ़ी है वहीं स्कूल के शिक्षक और छात्रों के अभिभावक भी प्रशिक्षण लेने पहुंचने लगे हैं। हालांकि आयुष विभाग के द्वारा स्कूल के बच्चों को शनिवार के दिन योग का प्रशिक्षण दिया जाता है। शेष दिनों में जिस क्षेत्र में डिस्पेंशरी संचालित है उस क्षेत्र के नागरिकों को योग का प्रशिक्षण दिया ⏭शेष पेज 3 पर

## आयुष विभाग के योग प्रशिक्षक को मिली जिम्मेदारी

**खास बातें**

- शनिवार के दिन बच्चों के साथ शिक्षक भी हो रहे शामिल



**योग प्रशिक्षक की नियुक्ति**

आयुष विंग की सभी डिस्पेंशरियों मे आयुर्वेद उपचार के साथ साथ आम लोगों में योग के प्रति जागरुकता लाने के उद्देश्य से योग प्रशिक्षक की नियुक्ति की गई है जिनके द्वारा क्षेत्र के आम नागरिकों के साथ स्कूल के बच्चों को भी योग सिखाया जा रहा है।

-उदय शर्मा, जिला आयुर्वेद अधिकारी

## नगर के सभी स्कूलों में चला था अभियान

बालकोनगर के सभी शासकीय स्कूलों में योग प्रशिक्षण की कक्षाएं लगाए जाने का अभियान चलाया गया था। जिसमें मीडिल स्कूल से लेकर हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल के छात्रों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया था। इसके अलावा योग शिविर लगाने का काम भी नगर में लगाए जाने का काम आयुष विंग के द्वारा किया जा रहा है। योग के प्रति जो रुचि शासकीय स्कूलों में नजर आयी है वैसी नगर में संचालित बड़े निजी स्कूलों में नहीं नजर आती है।

## वनमंडलाधिकारी ने कॉफी पॉइंट में औचक की थी छापामारी की कार्रवाई

# कॉफी पॉइंट में एंट्री गेट के नाम पर लाखों की हेराफेरी, बीट गार्ड निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के प्रमुख पर्यटन केंद्रों की बात करें तो कॉफी पॉइंट का नजारा ही अद्भुत है। यहां बड़े पैमाने पर पर्यटक पहुंचते हैं। कॉफी पॉइंट को दो साल

**खास बात**

- बालको वन परिक्षेत्र का मामला, दो साल से हो रही थी वसूली

पहले वन विभाग ने लाखों रुपए खर्च कर पर्यटकों के लिए सजाया संवारा था। कॉफी पॉइंट में प्रवेश के नाम पर राशि ली जा रही थी। उस पर बड़ा घोटाला सामने आया है। वन मंडलाधिकारी ने पिछले दिनों काफी पॉइंट का दौरा किया था इस दौरान अनियमितता सामने आई है। अनियमितता सामने आते ही पदस्थ बीट गार्ड को निलंबित कर दिया गया है और मामले ⏭शेष पेज 3 पर



**बीट गार्ड को किया गया निलंबित**

बालको रेंज के काफी पॉइंट का विगत दिनों औचक निरीक्षण किया गया था। इस दौरान प्राथमिक जांच में बीट गार्ड द्वारा एंट्री गेट की राशि में प्रथम दृष्टया अनियमितता पायी गई है। जिसके आधार पर बीट गार्ड रामनरेश यादव को निलंबित कर दिया गया है और मामले की जांच के लिए अलग से टीम बनाई गई है। जांच के बाद मामला पूरी तरह से स्पष्ट होगा।

-प्रेमलता यादव, वन मंडलाधिकारी कोरबा

## समिति के नाम पर ठेकेदार कर रहा था संचालित

वन विभाग के सूत्र बताते हैं कि काफी पॉइंट का संचालन वन प्रबंधन समिति व स्थानीय लोगों को करना था लेकिन स्थानीय समिति के नाम पर वन विभाग में बड़े-बड़े काम करने वाला बालको के एक ठेकेदार द्वारा ही काफी पॉइंट को संचालित किया जा रहा है और वहां के सारे कमरों और और कैटरिंग का भी संचालन ठेकेदार पिछले दो सालों से कर रहा है। अब तक उसके द्वारा कितनी राशि समिति और विभाग में जमा की गई है यह भी स्पष्ट नहीं हो पाया है। मामला सामने आने के बाद वन मंडल अधिकारी प्रेमलता यादव ने ठेकेदार को काफी पॉइंट के संचालन से बाहर का रास्ता दिखा दिया है और उन्होंने साफ फरमान जारी किया है कि अब काफी पॉइंट का संचालन स्थानीय वन प्रबंधन समिति द्वारा ही किया जाएगा।

## अधिकारियों को दिखाने बना रखा था दूसरा रजिस्टर

वन विभाग के सूत्र बताते हैं कि पिछले 2 वर्षों के दौरान कॉफी पॉइंट में पदस्थ बीट गार्ड द्वारा एंट्री गेट के नाम पर जो राशि ली जाती थी उसके लिए उसने रजिस्टर बना रखा था लेकिन अफसरों को दिखाने के लिए उसने एक अलग रजिस्टर भी बना रखा था। जब वन मंडलाधिकारी प्रेमलता यादव ने औचक छापेमारी की और दस्तावेजों की पड़ताल की तो मामला फूट पड़ा। सूत्र बताते हैं कि अब तक रामनरेश यादव द्वारा लगभग 24 लाख से अधिक की राशि की वसूली एंट्री गेट के नाम पर की जा चुकी है लेकिन उसके दिखावे वाले रजिस्टर में महज 8 लाख रुपए ही उसने दिखाया है। जबकि उसमें से भी मात्र 3 लाख 50 हजार रुपए की रकम समिति के खाते में जमा की गई है। शेष राशि कहां है अब तक पता नहीं है वन विभाग के अधिकारियों का कहना है की जांच कमेटी के द्वारा पूरे मामले की बारीकी से जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट होगा कि बीट गार्ड रामनरेश यादव ने अब तक एंट्री गेट के नाम पर कितने की रकम वसूली कर कुल कितने का घोटाला किया है।

### अब तक 54 हजार 605 मिट्रिक टन धान की हुई खरीदी

**कोरबा।** शासन द्वारा खरीफ वर्ष 2025-26 में जिले के 65 धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों से धान की खरीदी की जा रही है। शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी होने से किसानों में हर्ष व्याप्त है। धान खरीदी केंद्रों में जिला प्रशासन द्वारा किसानों की उपज खरीदी के लिए ऑनलाइन टोकन वितरण, बारदाने की उपलब्धता, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन से तौलाई, शीघ्रता से भुगतान आदि की समुचित व्यवस्था की गई है। जिले में 52 हजार से अधिक किसान धान विक्रय के लिए पंजीकृत है। जिले में 16 दिसम्बर तक 54605.40 मिट्रिक टन गुणवत्तायुक्त धान पंजीकृत किसानों से खरीदी की गई है। जिला प्रशासन द्वारा समितियों से धान का उठाव भी शीघ्रता से कराया जा रहा है। कोरबा जिले में अब तक 25793.20 मिट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है। वर्तमान में समिति में 28812.20 मिट्रिक टन धान उठाव के लिए शेष है। जिसका आने वाले समय मे तेजी से उठाव पूर्ण कर लिया जाएगा।

# केंद्रीय पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन विभाग की टीम पहुंची दीपका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल दीपका विस्तार परियोजना की कवायद तेज कर दी गई है। दीपका खदान से सालाना 40 मिलियन टन कोयला उत्पादन को बढ़ाकर 55 मिलियन टन कोयला उत्पादन के लिए पर्यावरण एवं जलवायु मंत्रालय से स्वीकृति मांगी गई है। विस्तार परियोजना की मंजूरी को लेकर केंद्रीय पर्यावरण एवं वन और जलवायु परिवर्तन विभाग की एक टीम दिल्ली से दीपका पहुंची है। टीम द्वारा खदान विस्तार को लेकर क्षेत्र का निरीक्षण किया जाएगा। जिसके बाद रिपोर्ट केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्रालय को सौंपा जाएगा। जिसके बाद खदान विस्तार को लेकर मंजूरी दी जाएगी।

**खास बात**

- दीपका खदान विस्तार को लेकर खदान व आसपास के क्षेत्रों का कर रही निरीक्षण

उल्लेखनीय है कि एसईसीएल दीपका प्रबंधन ने खदान विस्तार को लेकर तैयारियां शुरु कर दी है। जल्द से जल्द से खदान की कोयला उत्पादन क्षमता 40 मिलियन टन से बढ़ाकर 55 मिलियन टन करने पर फोकस किया जा रहा है। इसके लिए केंद्रीय पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से स्वीकृति का इंतजार है। विस्तार परियोजना की मंजूरी को लेकर बुधवार को दिल्ली से केंद्रीय पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन की एक टीम दीपका पहुंची है। टीम द्वारा खदान का दौरा कर आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया जाएगा। इस दौरान खदान विस्तार से प्रभावित क्षेत्रों में होने वाले पर्यावरणीय प्रभाव पर अध्ययन किया जाएगा।

# दुर्घटना में एअर बैग नहीं खुलने पर इनोवा कार कंपनी को 61 लाख का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सड़क दुर्घटना में कार के क्षतिग्रस्त होने और कार सवार युवक के गंभीर रुप से घायल होने के बाद भी टोयटा कंपनी की इनोवा कार का एक भी एयर बैग नहीं खुलने के

**खास बातें**

- छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग ने सुनाया फैसला
- दुर्घटना के बाद भी एअर बैग नहीं खुलने को माना गया कार में विनिर्माण दोष

मामले को गंभीरता से लेते हुए छग राज्य उपभोक्ता आयोग ने टोयोटा कार में विनिर्माण दोष पाते हुए कार कंपनी के खिलाफ आदेश जारी किया है। कंपनी को कार मालिक सुमित अग्रवाल को 61 लाख 36 हजार रुपए देने का आदेश जारी किया गया है।

शहर के व्यापारी व सीतामढ़ी निवासी अमित अग्रवाल 23 अप्रैल 2023 को रायपुर से अपने भाई सुमित अग्रवाल की इनोवा कार से कोरबा आ रहे थे। ग्राम तरदा के पास पहुंचने पर सामने से आ रहे वाहन को बचाते समय इनोवा कार पलटकर पेड़ से जा टकराई। इस सड़क दुर्घटना में अमित अग्रवाल को गंभीर चोट पहुंची थी, रायपुर और हैदराबाद में अमित के इलाज में 36.83 लाख रुपए खर्च आया था। सड़क दुर्घटना के समय इनोवा का एक भी एयर बैग नहीं खुला जिसके कारण अमित अग्रवाल को गंभीर चोट पहुंची थी। अमित अग्रवाल के भाई सुमित अग्रवाल ने इनोवा कार के निर्माता टोयोटा किर्लोस्कर मोटर कंपनी के खिलाफ उपभोक्ता आयोग में मामला पेश किया था, उक्त मामले में कंपनी के उपस्थित नहीं होने पर एकपक्षीय कार्रवाई करते हुए जिला आयोग ने नया वाहन या समतुल्य राशि सहित इलाज में खर्च हुए 36 लाख 53 हजार रुपए सुमित अग्रवाल को देने का आदेश दिया था। राज्य आयोग ने फैसले में सर्वेयर की रिपोर्ट, कार और अमित अग्रवाल को पहुंची क्षति के आधार पर यह माना कि गंभीर क्षति के बावजूद कार के एक भी एअर बैग का नहीं खुलना इनोवा कार में विनिर्माण दोष को प्रमाणित करता है। आयोग ने फैसला दिया कि परिवादी अपनी सुरक्षा के लिए महंगी कार खरीदा था लेकिन यदि आवश्यकता के समय एअर बैग नहीं खुला तो ऐसे गुणवत्ताहीन वाहन को बेचना सेवा में कमी है। दोनों पक्षों की सुनवाई करने के बाद राज्य आयोग ने 28 नवंबर फैसला दिया कि टोयोटा कंपनी 30 दिन के भीतर सुमित अग्रवाल को नई इनोवा कार या उसका मूल्य 23.83 लाख रुपए सहित इलाज का संपूर्ण खर्च 36 लाख 53 हजार रुपए देगा। साथ ही 1 लाख रुपए शारीरिक, मानसिक परेशानी के लिए तथा 10 हजार रुपए वादव्यय देगा।

## एक पक्षीय आदेश के खिलाफ आयोग में की गई थी अपील

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर कंपनी ने जिला आयोग के एकपक्षीय आदेश के खिलाफ छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग बिलासपुर में अपील की। मोटर कंपनी के अधिवक्ता ओम कुकरेजा ने एकपक्षीय फैसले पर आपत्ति की। इंश्योरेंस कंपनी की ओर से 12 लाख रुपए कार के रिपेयरिंग के लिए डीलर को दिया गया, एअर बैग खुलने के संबंध में विशेषज्ञ रिपोर्ट नहीं ली गयी और सुमित ने दुर्घटना को नहीं देखा। इन आधारों पर टोयोटा कंपनी की ओर से अपील में तर्क किया गया। दुर्घटनाग्रस्त कार के स्वामी सुमित अग्रवाल की ओर से अधिवक्ता नूतनसिंह ठाकुर ने पैरवी किया। छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग ने टोयोटा कंपनी के तर्कों को स्वीकार नहीं किया।

हरिभूमि

## जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 889. बलराज पाठक पिता\पति स्व. एम्.आर. पाठक पता- वार्ड .न.17 मठपारा उरकुरा रायपुर, 890. आरती राजपूत पिता\पति मोहन सिंह गौतम पता - मौलश्री विहार रायपुर, 891. महेंद्र चंद्राकर पिता\पति झुमुक लाल चंद्राकर पता- खोरपा रायपुर, 892. लेखराज सोनी पिता\पति कमलेश सोनी पता- लोधी पारा पंडरी अवंती बाई चौक, 893. राजकुमारी दीवान पिता\पति माखन सिंह दीवान पता- साईं नाथ कॉलोनी कोटा रायपुर, 894. वैभव साहू पिता\पति ओम प्रकाश साहू पता- धनेली धरसीवा रायपुर, 895. लछ्नी देवांगन पिता\पति स्व. पुरु देवांगन पता- नंदी चौक टिकरापारा, 896. भूषण लाल साहू पिता\पति स्व. प्यारे लाल साहू पता- न्यू शांति नगर रायपुर, 897. राधिका साहू पिता\पति शंकर लाल साहू पता- टिकरापारा सुदामा नगर क्रांति चौक रायपुर, 898. रामावतार यादव पिता\पति स्व. जीवराखन यादव पता- श्याम नगर रायपुर, 899. विजय लक्ष्मी साहू पिता\पति हरिराम साहू पता- पांडुका, 900. गीता निषाद पिता\पति हेम कुमार निषाद पता- सोरिद खुर्द, 901.काव्यांश साहू पिता\पति कुलदीप साहू पता- नगरी वार्ड न. 8 नगरी, 902. कु.काव्या साहु पिता\पति चोपेंद्र साहू पता- भाठापारा मुरा, 903. उषा रामटेके पिता\पति मुरली प्रसाद दुबे पता- डोंगरगांव, 904. मुकुल कुमार श्रीवास पिता\पति कीर्तन कुमार श्रीवास पता- लाखोली राजनादगांव, 905. स्मित सेठिया पिता\पति नवीन सेठिया पता- प्रवीर वार्ड जगदलपुर, 906. कार्तिक भूरा पिता\पति गिरीश भूरा पता- केवटा पारा दीनदयाल उपाध्याय वार्ड न. जगदलपुर, 907. चिंता राम खुटे पिता\पति सुखीराम खुटे पता- बी.जे.पी ऑफिस के पीछे महासमुंद, 908. सरस्वती साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- भैंसा, 909. रंजना बघेल पिता\पति टेकराम बघेल पता-आर.के .जी स्कूल के पास कोकड़ी, 910. दिव्यांश पिता\पति कमल नारायण साहु पता- घिरघोल पलारी, 911. पल्लवी साहू पिता\पति भाई राम साहू पता- दौजरी कवर्धा, 912. शकुन्तला देवी पिता\पति स्व. मगरू प्रसाद विश्वकर्मा पता- सरगीपाल कोंडागांव, 913. कृष्णा मूर्ति पिता\पति अन्कैया पता-भिलाई, 914. कैलाश देवांगन पिता\पति लक्ष्मन देवांगन पता-म.न.-5H A.V.B सेक्ट-11 भिलाई, 915. यामिनी साहू पिता\पति प्रेम लाल साहू पता- पॉवर हाउस भिलाई, 916. भूपेंद्र प्रसाद पिता\पति नथुनी राम पता- म.न.524 सड़क न.16 वार्ड न.40 भिलाई, 917. सत्यभामा पटेल पिता\पति भुवन लाल पटेल पता- खुरसुल बोरई दुर्ग, 918. तुलसी साहू पिता\पति अवध राम साहू पता- ओम नगर लोधी पारा उरला, 919. भारती अग्रवाल पिता\पति जगदीश अग्रवाल पता- न्यू बोरसी कॉलोनी, 920. तेजेस्वी साहू पिता\पति भूषण साहु पता- उरला बजरंग पारा वार्ड नंबर 58, 921. भूमिका यादव पिता\पति अनिल यादव पता-विजय नगर डीपरा पारा वार्ड न.39, 920. कुंजल साहू पिता\पति मनीष साहू पता- धनोरा सत्ती पारा दुर्ग, 921. बलराम वर्मा पिता\पति स्व भरत लाल पता- सेलूद भिलाई दुर्ग, 922. चन्दन कौमार्य पिता\पति मेघेश कुमार साहु पता- जगदीश विहार धनोरा, **बिलासपुर संस्करण-** 923. रोहन गौरीलाल मरावी पिता/पति गौरीलाल मरावी पता- कोरबा, 924. निखिल श्रीवास पिता/पति श्रवण कुमार श्रीवास पता- कोरबा, 925. लकेश्वर साहू पिता/पति लक्षन साहू पता- कोरबा, 926. यशिका कैवर्त पिता/पति चरन लाल कैवर्त पता- बेलकछार बालको, 927. विजय लक्ष्मी सारथी पिता/पति रंजीत सारथी पता- संगम नगर बालको, 928. आरुष रंताई पिता/पति अविनाश रंताई पता- बालको, 929. वीरेंद्र कश्यप पिता/पति अशोक कश्यप नेहरू नगर बालको, 930. निकलोस केरकेटा पिता/पति सीमों केरकेटा पता- नेहरू नगर बालको, 931. प्रियंका सिंह पिता/पति सुरेन्द्र सिंह पता- दीपका, 932. मेधा राजवाड़े पिता/पति चंद्रा प्रताप राजवाड़े पता- बिरदा कोरबा, 933. रेशम लाल साहू पिता/पति पुरषोत्तम साहू पता- बेलकछार बालको, 934. प्रकाश कुमारी माहेश्वरी पिता/पति मंगल सिंह माहेश्वरी पता- चांपा कोरबा, 935. कुनिशा विश्वकर्मा पिता/पति ओमप्रकाश विश्वकर्मा पता- भिलाई चरुदा बालको, 936. नरेंद्र निर्मलकर पिता/पति बाबूलाल पता- अंबडेकर भवन पीछे बालको, 937. मंजु उपाध्याय पिता/पति दीपक उपाध्याय पता- पारसाभाटा, 938. मालती सराफ़ पिता/पति मनोहर लाल सोनी पता- राम सागर पारा कोरबा, 939. समीर कुमार सेन पिता/पति केदार नाथ पता- गजरा साइड, 940. गौरी बाई कश्यप पिता/पति सखाराम कश्यप पता- मलगाव, 941. देयन पात्रे पिता/पति अनूप कुमार पात्रे पता- शांति विहार रायपुर, 942. वीणा पारकर पिता/पति भगवती पारकार पता- होउसिंग बोर्ड शांति नगर बालको, 943. विष्णु लाकर पिता/पति खोया राम पता- कैलाश नगर बालको, 944. शुभाशीष मुखर्जी पिता/पति स्व. बी. सी. मुखर्जी पता वार्ड नंबर- 014 नमनकला अम्बिकापुर, 945. रोहित टोप्पो पिता/पति विजय पता- इंद्रपुर अम्बिकापुर, **भोपाल संस्करण –** 946. बिंदु पिता\पति रोशनलाल नाई पता- मकान नं.74 शिवनगर हुजूर भोपाल, 947. रोशनलाल सेन पिता\पति बाबूलाल सेन पता- नया बसेरा भोपाल, 948. रूद्रप्रताप सिंह पिता\पति राज प्रताप सिंह पता- भोपाल, 949. काजल वाघमारे पिता\पति संदीप वाधमारे पता- झुग्गी नं.31 शिव नगर जाटखेड़ी भोपाल, 950. सूरज गिरि पिता\पति संजीव गिरी पता- 180 बाग सेवनिया, 951. राजकुमार बागड़े पिता\पति नत्थूजी वागद्रेबाबा पता- नगर सी-सेक्टर शाहपुरा, 952. मो.असफाक पिता\पति मो. इसाक पता- दुर्गा नगर पंचशील नगर मकान न.181, 953. रोशनलाल पिता\पति बाबू लाल पता- नया बसेरा कोटरा, 954. राम अवतार ठाकुर पिता\पति भूमन सिंह ठाकुर पता- एच-6866 शांति प्रकाश नगर भोपाल, 955. मधु माली पिता\पति सागर माली पता- वार्ड नं 4 बैरागढ़कलां, 956. मोक्षा अहिरवार पिता\पति महेन्द्र सिंह पता- सिकरवार एच-6 भारत नगर भोपाल, 957. तुलसीदास श्रीवास पिता\पति दुलीचंद श्रीवास पता-लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नंबर 3 कटनी, **जबलपुर संस्करण -** 958. सिद्ध कुमार जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 959. रजनीश कुमार जैन पिता\पति महेंद्र कुमार जैन, 960. सिद्धराज जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 961. असराज साकेत पिता\पति अशोक साकेत पता- कोतमा, 962. अर्थव जैन पिता\पति सतीश जैन पता- पाटन, 963. आयुष सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- जबलपुर मंजूपथ दीक्षित पूरा, 964. विधि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- जबलपुर, 965. डॉ.आर.सी. जैन पिता\पति गाडरवारा, 966. कंछेदी लाल जैन पिता\पति स्वर्गीय नाथू लाल जी जैन पता- कोतमा, 967. वैष्णवी यादव पिता\पति सुरेंद्र यादव पता- कटनी, 968. सुरेश चंद्र तिवारी पिता\पति रेवा प्रसाद तिवारी पता-ग्राम गनियारी पोस्ट मुड़वारा कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### 2 एएसआई सहित 15 पुलिसकर्मियों का तबादला

**बिलासपुर।** एसएसपी ने 2 एएसआई सहित 15 पुलिसकर्मियों का तबादला किया है। इसमें एएसआई चंद्रप्रकाश पाण्डेय का कोटा से पुलिस सहायता केंद्र सिम्स, कृष्ण कुमार मरकाम का पुलिस लाइन से कोटा, प्रधान आरक्षक संतोष यादव का सकरी से बिल्हा, रूपेश कुमार तिग्गा का बिल्हा से सकरी, साहेल अली का पुलिस लाइन से सिविल लाइन, हर प्रसाद डहरिया का कोटा से अजाक, अशोक नामदेव का अजाक से कोटा, आरक्षक सुनील यादव का पुलिस लाइन से कोनी, रामकिशन सिदार का कोनी से पुलिस लाइन, रामकुमार पोर्ते का पुलिस लाइन से हिर्री, रघुबर सिंह टेकाम का महिला थाना से पुलिस कन्ट्रोल रूम, देवानंद कैवर्त का सिविल लाइन से मस्तूर एसडीओपी कार्यालय, सचिन कुमार तिवारी का मस्तूरी से सिविल लाइन, अभिषेक पटेल का सिटी कोतवाली से डीसीबी शाखा, मोहन लाल धुरी का पुलिस लाइन से सिटी कोतवाली रीडर 4 शाखा पुलिस अधीक्षक कार्यालय तबादला किया गया है।

### सड़क पर खाना वितरण करने वाले दो गिरफ्तार

**बिलासपुर।** बिना अनुमति सड़क पर लोगों की भीड़ एकत्रित कर खाना वितरण करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया, मंगलवार की शाम नव जीवन समिति के लोग गणेशनगर चुचुहियापारा बस्ती में सड़क किनारे खाना वितरण कर रहे थे। खाना लेने वालों की भीड़ लगी हुई थी। इसी दौरान धर्मपरिवर्तन की सूचना पर हिंदू संगठन के लोग वहां पहुंच गए और धर्म परिवर्तन कराने का आरोप लगाकर हंगामा मचाने लगे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। दोनों पक्षों से पूछताछ करने के बाद पाया गया नव जीवन समिति के सदस्यों के द्वारा प्रशासन से बिना अनुमति के लोगों को भोजन वितरण किया जा रहा था। पुलिस ने समिति के ग्रीनपार्क कालोनी गोरोन क्षितीज मसीह पिता राजेश कुमार मसीह 43 साल जरहाभाठा, सक्षम मसीह पिता राजेश कुमार मसीह 40 साल के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धारओं के तहत गिरफ्तार कर मुचलका जमानत में रिहा कर दिया गया है।

### दो सूने मकानों में चोरी करने वाले दो युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सकरी टीआई विजय चौधरी ने बताया, 21 नवंबर 2025 को नारायण होम्स सम्बलपुर निवासी शिवकुमार के सूने मकान का ताला तोड़कर 20 हजार रुपए चोरी कर लिए गए थे। इसी तरह 16 अप्रैल 2025 को साई नेचर सिटी के एक सूने मकान का ताला तोड़कर 15 हजा रुपए चोरी कर लिया गया था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सकरी निवासी महेन्द्र उर्फ मोनू प्रजापति पिता रामकुमार 24 साल, महेन्द्र साहू पिता रामलाल साहू 39 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर दोनों ने उक्त दोनों मकानों में चोरी करना स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

### राइस मिल में चोरी, आरोपित के कब्जे से 1 लाख रुपए जब्त

**बिलासपुर।** साइबर सेल और थाना बिल्हा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में गोदाम से चोरी और सोसायटी में आगजनी की घटनाओं को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। आरोपी के कब्जे से चोरी गया मोबाइल और नकदी जब्त की गई है। बिल्हा में रहने वाले अनिश अग्रवाल(24) व्यवसायी हैं। उनकी ग्राम गुमा स्थित राइस मिल के ऑफिस के अंदर अलमारी से अज्ञात व्यक्ति द्वारा 1 लाख 55 हजार रुपए नकद और एक फोन चोरी कर लिया गया है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। साइबर सेल ने चोरी के मोबाइल का लोकेशन ट्रेस किया। इसमें पता चला कि झलफा निवासी रितेश यादव पिता रामायण यादव(20) चोरी के मोबाइल को चला रहा है। आरोपी बिल्हा क्षेत्र में दूध बेचने के साथ-साथ रेकी कर चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर 1 लाख 6 हजार रुपए जब्त कर लिया गया है।

## रेलवे ने लिया निर्णय

### जोन में 88 मेमू और 19 डेमू लोकल का हो रहा परिचालन, पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में शुरुआत

# मेमू और डेमू लोकल होगी इंटरसिटी, लेकिन चाल रहेगी लोकल की तरह, बढ़ेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेल प्रशासन ने छोटे-छोटे स्टेशनों के बीच चलने वाली मेंमू और डेमू ट्रेनों का नाम बदलकर इंटरसिटी रखने का निर्णय लिया है, जिसके लिए कार्यो को पायलेट प्रोजेक्ट के तहत शुरु कर दिया गया है। इसके तहत बिलासपुर जोन से चलने वाली 88 मेमू और 19 डेमू लोकल को इंटरसिटी बनाने का कार्य शुरु किया गया है।

रेलवे के अनुसार मेमू ट्रेन रेलवे की ओर से चलाई जाने वाली इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट ट्रेन होती है, जो शहरों और उपनगरीय इलाकों के बीच छोटी से मध्यम दूरी यानि 200 किलोमीटर तक की सफर के लिए होती है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर में मेमू और डेमू का परिचालन बिलासपुर से रायपुर, बिलासपुर से रायगढ़, बिलासपुर से कोरबा, बिलासपुर से रायपुर, दुर्ग होंते हुए डोंगरगढ़, बिलासपुर से शहडोल, बिलासपुर से पेण्ड्रारोड और कटनी मुड़वारा के बीच हो रहा है। मेमू की तरह डेमू ट्रेन का परिचालन भी एसईसीआर में किया जा रहा है।

इन दोनों मेमू और डेमू ट्रेन के इंजन और कोच की बनावट एक सी होती है। मेमू और डेमू ट्रेनों का स्टापेज सभी छोटे-छोटे स्टेशनों में किया जाता है, जिसमें सबसे अधिक सुविधा ग्रामीणों को हो रही है। अब रेल प्रशासन ने डेमू और मेमू ट्रेनों का नाम बदलकर इंटरसिटी रखने का आदेश जारी कर दिया है। इसके तहत पायलेट प्रोजेक्ट की शुरुआत की जा रही है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर में चलने वाली मेमू की संख्या 88 और डेमू की संख्या 19 है, जिसमें बोर्ड के आदेश नाम बदलने की शुरुआत कर दी गई है।

#### चाल रहेगी लोकल की तरह



रेल अफसरों के अनुसार डेमू और मेमू लोकल का नाम बदलकर इंटरसिटी रखा जा रहा है। इंटरसिटी नाम रखने के बाद इसमें यात्रियों की सुविधा को भी बढ़ाने का काम किया जाएगा। इन सभी ट्रेनों की चाल यथावत रहेगी, जिसमें छोटे-छोटे स्टेशनों में ट्रेनों का ठहराव पूर्व की तरह रहेगा।

## व्यापारियों ने दी सब्जी सप्लाई ठप करने की चेतावनी

# सात दिन में बृहस्पति बाजार खाली करने का फरमान, नए रिवर व्यू में होंगे शिफ्ट

- इसी जगह पर निगम द्वारा नया सब्जी मार्केट तैयार किया जाएगा, वैकल्पिक व्यवस्था की मांग
- बृहस्पति बाजार, तिफरा, शनिचरी, चांटीडीह के सब्जी व्यापारियों ने बैठक में लिया विरोध का फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बृहस्पति बाजार के 450 से अधिक चबूतरे वालों को नगर निगम ने सात दिन में जगह खाली करने का नोटिस जारी कर दिया है। एक तरह से फरमान देते हुए व्यापारियों को नए रिवर व्यू जहां की नवरात्रि पर बड़ी दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई थी वहां शिफ्ट होने कहा गया है। इसे लेकर व्यापारियों में हड़कंप और आक्रोश दोनों हैं। व्यापारी इसे तानाशाही बता रहे हैं और ऐलान किया गया है कि निगम ने जबरदस्ती जगह खाली करने दबाव डाला तो शहर में सब्जी आपूर्ति ठप कर दी जाएगी। बृहस्पति बाजार सब्जी व्यापारी संघ ने इस बारे में तिफरा, शनिचरी, चांटीडीह के सब्जी व्यापारियों के साथ बैठक करने फैसला ले लिए जाने का भी दावा किया। व्यापारियों का कहना है कि बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के निगम सब्जी व्यापारियों को जो कि सालों से उसी जगह पर अपना बाजार कर रहे हैं हटा रहा है।

शहर के प्रमुख चिल्हर सब्जी बाजारों में से एक बृहस्पति बाजार को मल्टी लेवल सब्जी बाजार बनाए जाने की योजना दो साल से चल रही है। जिला खनिज न्यास (डीएमएफ फंड) से 13 करोड़ 39 लाख रुपए की स्वीकृति भी मिल गई थी। ठेका प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई थी लेकिन निगम दो सालों में इसके लिए जगह ही तय नहीं कर सका। इसलिए योजना पर आगे काम नहीं बढ़ सका। अब अधिकारी इसे नए सिरे से शुरू करने की बात कह रहे हैं। इसके लिए निगम की टीम पिछले एक सप्ताह से बृहस्पति बाजार का सर्वे कर रही है। इस दौरान दुकानों में क्या कारोबार हो रहा, किराएदार है कि मालिक और कितने वर्गफिट की दुकानें हैं कि रिपोर्ट तैयार की गई। अब बुधवार की शाम को निगम अमले ने बाजार क्षेत्र की सभी दुकानों में नोटिस चस्पा कर दिया। इसमें लिखा है कि सात दिनों में जगह खाली कर दी जाए नहीं तो निगम एकतरफा तोड़फोड़ कार्रवाई करेगा।



निगम की नोटिस के बाद आपस में चर्चा करते सब्जी व्यापारी।

#### बंद कर देंगे सब्जियों की सप्लाई

इस नोटिस के बाद से व्यापारी विरोध पर उतर आए हैं। बृहस्पति बाजार व्यापारी संघ के अनुराग केशरवानी के मुताबिक निगम तानाशाही और मनमानी कर रहा है। नोटिस देने की प्रक्रिया का पालन भी नहीं किया जा रहा है। पहले नोटिस में कम से कम 30 दिनों की मोहलत दी जाती है लेकिन निगम सिर्फ सात दिनों में हटने को कह रहा है। यह किसी तरह से जायज और संभव ही नहीं है। व्यापारियों के मुताबिक निगम ने जानबूझकर बुधवार की शाम नोटिस दिया क्योंकि गुरुवार को सरकारी छुट्टी है। इसके बाद शनिवार और रविवार अवकाश हो जाएगा। इसके बाद भी व्यापारियों ने कोर्ट जाने का फैसला लिया है। व्यापारियों ने जबरदस्ती करने पर सब्जी सप्लाई बंद करने की चेतावनी दी है।

#### 217 व्यापारियों ने पेश किया है दस्तावेज

पिछले सप्ताह निगम ने यहां के व्यापारियों को नोटिस देते हुए दस्तावेज जमा करने कहा था। निगम की ओर से कहा गया था कि बाजार स्थल पर एक नया प्रोजेक्ट लाया जा रहा है ताकि पात्र चबूतरा लाइसेंस धारकों, सब्जी विक्रेताओं को बेहतर जगह मिल सके। निगम ने सब्जी व्यापारियों से चबूतरा लाइसेंस, अनुमति पत्र, पहचान पत्र, शुल्क, लाइसेंस फीस, जमा रसीदें, किसी पूर्व आवंटन, नवीनीकरण आदेश के दस्तावेज पेश करने कहा था। इसके बाद 217 व्यापारियों ने दस्तावेज पेश किया है जबकि बाकि ने समय मांगा है।

#### पूरी व्यवस्था की जाएगी

पुर्नविकास और कायाकल्प के तहत नए बाजार में ग्राउंड फ्लोर में 242 बड़े आकार के चबूतरें बनाएं जाने हैं जो कि 7 बाई 10 के आकार का रहेगा। प्रत्येक चबूतरे के नीचे स्टोरेज के लिए दरवाजे की सुविधा के साथ स्थान भी था। इसके साथ ही भवन के बेसमेंट में 50 कार और 170 बाइकों के लिए पार्किंग बननी थी। आगजनी जैसी घटनाओं को रोकने के लिए फायर फाइटिंग सिस्टम की भी योजना है। व्यापारियों को बेहतर जगह देंगे। नई जगह पर पूरी व्यवस्था की जाएगी।

\- **खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त नगर निगम

## फर्जी टिकिट मामला

# जोनल स्टेशन में एक-एक यात्री के टिकिट की जांच

- रेलवे बोर्ड जोनल अफसरों ने भी दिए कामर्शियल स्टाफ को आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे में फर्जी टिकिट से यात्रियों के सफर का मामला गरमाते जा रहा है। इसे गंभीरता से लेते हुए रेलवे बोर्ड और जोनल अफसरों के आदेश पर अब कामर्शियल विभाग के स्टाफ जोनल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म सहित आसपास के छोटे-छोटे स्टेशनों में एक-एक यात्री से उनके टिकिट की जांच की गई है।

रेलवे के राजस्व की सुरक्षा, पारदर्शिता सुनिश्चित करने व ईमानदार यात्रियों के हितों की रक्षा के उद्देश्य से एसईसीआर के बिलासपुर मंडल में टिकिट धोखाधड़ी के विरूद्ध विशेष एवं सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान की शुरुआत पिछले कुछ दिनों से ट्रेनों में हो रहे फर्जी टिकिट मामले के बाद की गई है, जिसमें फर्जी टिकिट और ओरिजनल टिकिट के एक पीएनआर की वजह से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह फर्जी टिकिट ज्यादातर ऑनलाइन निकालकर यात्रियों को दी जा रही है। टिकिट जांच कर्मचारियों द्वारा हाल ही में उजागर की गई धोखाधड़ी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया गया है। विशेष अभियान का संचालन वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह के निर्देशन पर किया जा रहा है। उन्होंने मंडल के सभी टीटीई एवं वाणिज्य कर्मचारियों को अत्यधिक सतर्कता बरतने स्पष्ट निर्देश जारी किया है। ट्रेनों एवं स्टेशन पर प्रति यात्री टिकिट के क्यूआर कोड की अनिवार्य जांच, एचएचटी के माध्यम से पीएनआर का ऑनलाइन सत्यापन तथा टिकिटों की गहन पड़ताल की जा रही है। विशेष रूप से स्क्रीनशॉट आधारित नकली मोबाइल टिकिट, रेलवे पास एवं अन्य रियायती कोटों के दुरुपयोग, ओबीएचएस अथवी पेंट्री यूनिट द्वारा अनाधिकृत रूप से यात्रियों को ले जाने की घटनाओं व यात्रियों की पहचान पत्रों की अनिवार्य जांच पर विशेष फोकस किया जा रहा है।

#### पकड़े गए 222 यात्री

अचानक शुरु किए गए अभियान में बिलासपुर डिवीजन के कामर्शियल स्टाफ सहित सारे टीटीई ने रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म और ट्रेनों में सघन जांच शुरु कर दी। इस दौरान 222 यात्रियों को बिना टिकिट एवं अनियमित टिकिट के साथ सफर करते हुए पकड़ा गया। इन सभी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई। रेल अफसरों ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे अनाधिकृत व्यक्तियों व एजेंटों से टिकिट न खरीदी करें।

# खतरनाक खुले नाले में अनियंत्रित होकर स्कूटी सहित महिला गिरी, बाल-बाल बची



जरहाभाठा मंदिर चौक के पास हुआ हादसा

**बिलासपुर।** बुधवार को जरहाभाठा मंदिर चौक के पास सड़क किनारे खुले नाले में अनियंत्रित होकर स्कूटी सहित महिला गिर गई। हादसे में महिला बाल बाल बच गई है। काफी मशक्कत के बाद स्कूटी का नाला से बाहर निकाला गया है। जरहाभाठा मंदिर चौक के आगे सड़क किनारे से लगे नाला को लापरवाही पूर्वक खुला छोड़ दिया गया है। बुधवार को दोपहर 3.30 बजे मंदिर चौक से नेहरू चौक की ओर जा रही स्कूटी सवार एक महिला ग्रीन सिग्नल होने पर निकल रही थी। भीड़ अधिक होने से महिला अनियंत्रित होकर स्कूटी सहित खुले नाले में गिर गई, जिससे चौक में हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ लग गई। लोग महला की मदद के लिए आगे आए। लोगों ने महिला को सुरक्षित नाला से बाहर निकाल लिया। महिला को बाहरी किसी प्रकार की चोट नहीं आई थी। काफी मशक्कत के बाद लोगों ने स्कूटी को नाले से बाहर निकाला।

**सिविल लाइन थाना के सामने खुला नाला:** सिविल लाइन थाना के सामने पुलिस लाइन वाली मोड में नाला बनाकर खुला छोड़ दिया गया है। ट्रैफिक थाना के बाजू से इमलीपारा के लिए नई रोड बनाई गई। जिससे शहीद विनोद चौबे चौक में ट्रैफिक का दबाव अधिक रहता है। चार पहिया गाड़ी मोड़ते समय चक्का नाला में घुसकर फंस जाता है। उक्त खुला नाले में कई बार चार पहिया गाड़ी घुसकर फंस चुकी है। उसके बाद भी नाला को बंद नहीं किया जा रहा है।

# मौसी के घर से चोरी किए लाखों के जेवरात, अग्रिम जमानत निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- 30 से 40 लाख के जेवरों को चोरी करने का है आरोप

शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में दर्ज आभूषण चोरी के मामले में जिला एवं सत्र न्यायालय ने आरोपी गुरविंदर सिंह भाटिया की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि मामला गंभीर है, जांच प्रारंभिक चरण में है और आरोपी पुलिस जांच में सहयोग नहीं कर रहा, ऐसे में उसे अग्रिम जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता।

पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता जुगल किशोर पांडेय ने बताया कि, सेशन जज सिराजुद्दीन कुरैशी की अदालत में गुरविंदर सिंह भाटिया द्वारा दायर अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। आरोपी पर आरोप है कि वर्ष 2023 में शिकायतकर्ता महिला के घर से करीब 30 लाख रुपए से अधिक के सोने-चांदी के जेवर चोरी किए गए। शिकायत के अनुसार जब परिवार इलाज के सिलसिले में मुंबई गया हुआ था, उस दौरान आरोपी और उसके परिजन घर में आना-जाना करते थे। काफी समय बाद जब अलमारी खोली गई, तो सोने-चांदी के कई कीमती जेवर गायब मिले। सिटी कोतवाली पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 305(ए) के तहत अपराध दर्ज किया है।



आरोपी

#### कोर्ट का सख्त रुख

कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि अग्रिम जमानत कोई सामान्य अधिकार नहीं है, बल्कि यह असाधारण राहत है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि केस डायरी से यह स्पष्ट है कि आरोपी ने पुलिस द्वारा बार-बार नोटिस देने के बावजूद जांच में सहयोग नहीं किया और गिरफ्तारी से बचता रहा। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने कथित तौर पर चोरी किए गए जेवरों को गोल्ड लोन कंपनियों में गिरवी रखकर करीब 39 लाख रुपये से अधिक की राशि प्राप्त की थी। ऐसे में आरोपी से बरामदगी और अन्य सह-आरोपियों की भूमिका सामने आना अभी शेष है, जो केवल गिरफ्तारी के बाद ही संभव है।

# महिला का मंगलसूत्र चोरी करने वाली तीन महिलाएं गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आटो में महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र चोरी करने वाली तीन महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेवर व नकद रकम बरामद कर लिया है।

सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने बताया, सकरी अटल आवास निवासी मनीषा सोनी 16 दिसंबर को सुबह 12.15 बजे घर से अपने पति नर्मदा प्रसाद सोनी के साथ अपनी आटो से मंगला चौक स्कूल जा रही थीं। रास्ते में 5 महिलाएं नेहरू चौक जाना है कहकर आटो में सवार हो गई। उसलापुर ब्रिज के पास एक महिला पीछे से उनका बाल खींचने लगी। वे वहां से उठकर दूसरे सीट में जाकर बैठ गईं। इसी दौरान उन्होंने अपना गला देखा तो सोने का मंगलसूत्र चोरी हो गया था। श्रीमती सोनी ने शोर मचाया तो महिलाएं आटो से उतरकर भागने लगीं। लोगों की मदद से महिलाओं को पकड़कर सिविल लाइन थाना लाया गया। महिला पुलिसकर्मियों के द्वारा तलाशी लेने पर उनके पास चोरी गया मंगलसूत्र व 1000 रुपए नकद मिला। पुलिस ने श्रीमती सोनी की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 303, 3, 5 के तहत आरोपी रचनागिरी गोस्वामी पति राजेश गिरी गोस्वामी 25 साल महेशपुरमुरा जयनगर सूरजपुर, कौशल्या गिरी गोस्वामी पति हरदगिरी गोस्वामी 30 साल पोंड़ीपोड़ा बांगो कोरबा, रजन गिरी गोस्वामी पति गब्बरगिरी गोस्वामी 32 महेशपुरममुरा जयनगर सूरजनपुर निवासी को गिरफ्तर कर जेवर व नकद रकम जब्त कर लिया गया है।

## परिवहन आयुक्त को लिखा गया पत्र ❑ आरटीओ कार्यालय का किया जाएगा घेराव

# ग्रामीणों की गाड़ियों का काटा जा रहा ई-चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

क्षेत्रीय परिवहन विभाग द्वारा मोपका-सेंदरी बाइपास में सीसी कैमरे के माध्यम से ग्रामीण अंचल के लोगों को जो इस मार्ग से गुजरते है उनकी गाड़ियों का ई-चालान के माध्यम से भारी-भरकम पेनाल्टी की जा रही है। इससे बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के सीपत, जांजी, बैमा, नगोई, मोहरा, बिरकोना, सेलर, भाड़ी, परसाही, रानीगांव सहित अन्य गांवों के गाड़ी मालिक हलाकान है।

इस संबंध में कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष ग्रामीण विजय केशरवानी ने परिवहन आयुक्त को पत्र लिखा है, उन्होंने आरटीओ कार्यालय के घेराव की चेतावनी भी दी है। श्री केशरवानी ने कहा है कि शहर से लगे हुए इन गांवों के लोगों का छोटे-मोटे कामों के लिए कई बार बिलासपुर आना -जाना होता है और आरटीओ विभाग द्वारा उन्हें भारी भरकम ई-चालान भेजकर वसूली की जा रही है, जिसमें फिटनेस, पर्यावरण सर्टिफिकेट, लाइसेंस, नवीनकरण, इंश्योरेंस ,गाड़ी की कागजात जैसे कारण बताए जाते है जिन वाहन चालकों के पास सभी चीज है। उन्हें भी ई-चालान भेज रहे है तथा गांव में खड़ी गाड़ी की चालान भेजा जा रहा है। परिवहन विभाग की लापरवाही यह है कि वहां से गुजरने वाली गड़ियों का चालान के साथ गाड़ी की फोटो नहीं दिया जाता है। चालान राशि इतनी अधिक है कि ऐसा लगता है कि विभाग इसे अपनी आय का जरिया बना लिया है।क्षेत्रीय परिवहन विभाग जब वाहन टैक्स लेता है तो अच्छी सड़कें देना भी उसकी जिम्मेदारी है। खराब सड़कों से धूल उड़ती है, पर्यावरण खराब हो रहा है, धूलजनित बीमारियां होती है। इसे नजरअंदाज कर केवल वाहन मालिकों से पर्यावरण या फिटनेस सर्टिफिकेट मांगना न्याय संगत नही है। आरटीओ विभाग अच्छी सड़कें देने की जिम्मेदारी नहीं लेता है तो फिर उसे रोड टैक्स लेने का कोई अधिकार नहीं बनता।



#### आरटीओ कार्यालय घेराव की चेतावनी


श्री केशरवानी ने यह सवाल उठाया है कि क्या आरटीओ ऑफिस में जो सरकारी गाड़िया खड़ी है उनका प्रदूषण, फिटनेस इंश्योरेंस से लेकर सभी आवश्यक पात्रता प्रमाण पत्र सही है। आरटीओ विभाग द्वारा लोगों को कहा जा रहा है कि गाड़ी के नंबर को ढककर रखिए ,ये भी गलत है। बेलतरा विधानसभा की सभी सड़कें विशेषकर सेंदरी-मोपका बाईपास जर्जर और खस्ताहाल है। ऐसे में आरटीओ विभाग द्वारा सीसी कैमरा के आधार पर ई चालान काटने की कार्रवाई कर भारी भरकम पेनाल्टी वसूला गया तो कांग्रेस पार्टी जनता के साथ सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन, आंदोलन करेगी।

# ग्राम परसडीहा निवासी महिला के घर से मृत बाघ का नाखून व बाल बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

करंट लगाकर बाघ का अवैध शिकार करने के मामले में वन अधिकारियों को बड़ी सफलता मिली है। वन अधिकारियों ने ग्राम परसडीहा निवासी एक महिला से बाघ का नाखून व बाल बरामद किया है। अधिकारियों ने गांव के 7 संदेहियों को हिरासत में लिया है।

करंट से बाघ की मौत होने के मामले में वन अधिकारियों ने जांच तेज कर दी है। मामले की जांच में सूरजपुर, वनमण्डल, बलरामपुर वन मंडल एवं वाइल्ड लाइफ की टीम जुटी है। प्रारंभ में घटना स्थल से सटे ग्राम परसडीहा के ग्रामीणों द्वारा घटना को अंजाम देने की संभावना जताई जा रही थी। जांच के दौरान ग्राम परसडीहा निवासी एक ग्रामीण द्वारा बुधवार को मृत बाघ का शव देखने एवं इसकी सूचना सरपंच को देने की जानकारी मिली। अधिकारियों द्वारा सरपंच सहित अन्य ग्रामीणों से पूछताछ में इसकी पुष्टि होने पर अधिकारियों ने ग्रामीण को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में ग्रामीण ने बुधवार को बाघ का शव देखने की पुष्टि की लेकिन वह बाघ से संबंधित कोई अन्य सूचना नहीं दे सका। इस बीच वन अधिकारियों द्वारा परसडीहा निवासी कुछ ग्रामीणों द्वारा करंट की बाड़ लगाकर जंगली सुअर का शिकार करने की जानकारी मिली। सूचना के आधार पर वन अधिकारियों ने गांव की एक महिला को पूछताछ की तो कुछ संदेहास्पद जानकारी मिली। वन अधिकारियों द्वारा महिला से सख्तीपूर्वक पूछताछ करने पर उससे बाघ का शिकार करने के संबंध में कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले। महिला के घर की जांच में वन अधिकारियों को बाघ का नाखून व बाल मिला है। वन अधिकारियों ने मामले में 7 संदेहियों को हिरासत मे लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए वन अधिकारी इस संबंध में कुछ भी बताने से बच रहे हैं तथा अधिकांश वन अधिकारियों ने अपना मोबाइल बंद कर दिया है। वन अधिकारी इस संबंध में महत्वपूर्ण सुराग मिलने एवं जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा कर रहे हैं।




#### जल्द होगी गिरफ्तारी

मामले की जांच में कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं तथा संदेहियों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

\-**दुलेश्वर साहू**, डीएफओ सूरजपुर

खबर संक्षेप

## तीन महीने से खराब पड़ा है सबमर्शिबल पंप



**चैतमा।** तीन महीने से सबमर्सिबल पंप खराब होने के कारण स्कूली बच्चे पानी के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं। जानकारी के अनुसार पाली विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बारी उमराव में स्थित प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला में सबमर्सिबल पंप एवं सिंटेक्स तो लगाया गया है किंतु पिछले तीन महीने से बंद पड़ा हुआ है जिसके कारण वहां अध्यनरत छात्र छात्राएं खाना खाने के बाद थाली धोने एवं पानी पीने के लिए स्कूल के बाहर इधर-उधर से पानी पीते हैं एवं थाली धोते हैं। ग्रामीणों द्वारा पंचायत एवं संबंधित विभाग का इस ओर कई बार ध्यान आकर्षित कराया गया किंतु किसी के द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत कपोट के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक शाला फरा पखना में स्थित हैंडपंप से एक या दो बाल्टी पानी निकालने के बाद बंद हो जाता है इस ओर भी किसी के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## जैन पब्लिक स्कूल के बॉक्सरों ने जीता स्वर्ण पदक



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ थाई बॉक्सिंग एसोसिएशन एवं जिला दंतेवाडा थाई बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय थाई बॉक्सिंग सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर की प्रतियोगिता दंतेवाड़ा में जो कि 4 से 6 दिसंबर तक पुराना मार्केट इनडोर स्टेडियम दंतेवाडा में आयोजित हुई। जिसमें 280 खिलाड़ी, 40 ऑफिसियल एवं 19 जिलों से खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगता में भाग लिया। जिसमें जिला प्रशासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला पंचायत के मार्गदर्शन में यह प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिले के जैन पब्लिक स्कूल गोढ़ी के 2 बॉक्सरों ने इस प्रतियोगता में भाग लिया। साथ ही उनके कोच अजीत शर्मा व्यायाम शिक्षक जैन पब्लिक स्कूल ने टीम का प्रतिनिधित्व किया। जिसमें ग्रेसी पन्ना 46 किलो ग्राम वजन वर्ग (थाई लाइट) जूनियर में स्वर्ण पदक एवं वैभव कृष्णा 54 किलो ग्राम वजन वर्ग (लो- थाई) जूनियर में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

## सीटू का द्विवार्षिक सम्मेलन सम्पन्न नई कार्यकारिणी का हुआ चयन

**कोरबा।** भारत एल्यूमिनियम एम्प्लाइज यूनियन, सीटू का द्विवार्षिक सम्मेलन 17 दिसंबर को सीटू कार्यालय में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन की शुरुआत संगठन के अध्यक्ष सुखेंदु घोष द्वारा ध्वजारोहण के साथ की गई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सीटू के प्रदेश अध्यक्ष एसएन बैनर्जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सम्मेलन में संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। महासचिव के दायित्व के लिए अमित गुप्ता, अध्यक्ष पद के लिए एक बार फिर सुखेंदु घोष तथा कोषाध्यक्ष के रूप में कामरेड धीरज भोसले के नाम पर सर्वसम्मति बनी। सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष कॉमरेड एसएन बैनर्जी ने केंद्र सरकार द्वारा लाए गए चार लेबर कोड बिलों पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इन कानूनों के माध्यम से श्रमिकों द्वारा वर्षों के संघर्ष से अर्जित अधिकारों पर सीधा हमला किया गया है। उन्होंने आगाह किया कि इन बदलावों के कारण भविष्य में श्रमिकों का संगठित नेतृत्व कमजोर होगा और सुरक्षित रोजगार पाना श्रमिकों के लिए अत्यंत कठिन होता जाएगा। सम्मेलन में दो महत्वपूर्ण प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए, जिनमें पहला असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की एकता को मजबूत करने से संबंधित था।

# प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग के उपयोग करने पर ठोंका जुर्माना

## नगर निगम की टीम ने शहर में संचालित दुकानों में की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम द्वारा सर्वमंगलानगर जोनांतर्गत प्रेमनगर स्थित पान दुकान, जनरल स्टोर व फल दुकानों में प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग का उपयोग करते हुए पाए जाने पर संबंधित दुकान संचालकों को 1200 रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किया गया। साथ ही उन्हें कड़ी हिदायत दी गई कि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग, डिस्पोजल व इससे बनी अन्य सामग्रियों का उपयोग न करें अन्यथा और अधिक कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

अलग खबर

शासन द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग डिस्पोजल व इससे बनी अन्य सामग्री के उपयोग को रोकने के लिए निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में निगम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है, निगम के संबंधित अधिकारी कर्मचारी दुकानों, प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं तथा निरीक्षण के दौरान यदि प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग डिस्पोजल आदि का उपयोग विक्रय, भंडारण आदि पाया जाता है तो संबंधित दुकान संचालकों पर अर्थदण्ड आरोपित करने व प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री की जप्ती की कार्यवाही की जाती है। इसी कड़ी में बुधवार को निगम के सर्वमंगलानगर जोनांतर्गत निगम अमले द्वारा विभिन्न दुकानों, प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान पान ठेले, जनरल स्टोर व फल ठेले पर प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग का उपयोग करते पाया गया, जिस पर कार्यवाही करते हुए इन संबंधित दुकानदारों पर निगम अमले ने 12 सौ रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया है।



### अतिक्रमण अवैध निर्माण पर कार्रवाई

निगम के अतिक्रमण दस्ते ने बालको जोनांतर्गत वार्ड क्र. 38 लालघाट अमरसिंह होटल के पीछे स्थित आंगनबाड़ी के सामने हो रहे अवैध निर्माण को बंद कराया गया तथा संबंधित अवैध निर्माणकर्ता को नोटिस जारी की गई। वहीं वार्ड क्र. 36 रिसदी में भी अतिक्रमण दस्ते ने किए गए जा रहे अवैध निर्माण को रोका तथा चित्रा टाकिज के सामने लगाए गए अवैध ठेलों पर कार्यवाही करते हुए संबंधित ठेला संचालकों को नोटिस जारी की गई तथा समयसीमा के अंदर ठेलों को वहां से हटाने के निर्देश दिए गए।

## जनता यूनियन ने अन्य विभागों की तरह विद्युत कम्पनी में भी पुरानी पेंशन बहाली को लेकर खोला मोर्चा

# बिजली कर्मियों ने सीएम से मांगी पुरानी पेंशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने पुरानी पेंशन योजना की मांग को लेकर मुख्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्री, अजा/जजा/ओबीसी एवं अल्पसंख्यक विकास मंत्री से चर्चा कर विद्युत कंपनी में पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग की है।



मुख्यमंत्री से मुलाकात करते यूनियन के पदाधिकारी।

उल्लेखनीय है कि विद्युतकर्मियों के लिए ओपीएस लागू कराने हेतु जनता यूनियन अक्टूबर माह से सतत अभियान चला रही है। अभियान के पहले चरण में जनता यूनियन के प्रांतीय/क्षेत्रीय एवं संभागीय पदाधिकारी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित अनेक मंत्रियों से भेंट कर ज्ञापन सौंप चुके हैं। द्वितीय चरण में रायगढ़, कोरबा, बिलासपुर और चाम्पा जांजगीर आदि जिले के मंत्रियों से भेंट का कार्यक्रम तय है जिसे विधानसभा सत्र के तत्काल बाद अंजाम दिया जाएगा। सरगुजा से प्रारंभ हुए अभियान के प्रथम चरण में जनता यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष यतींद्र गुप्ता एवं पत्थलगांव संभाग के अध्यक्ष प्रमोद कुजूर के नेतृत्व में संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने 28 अक्टूबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर ओपीएस बहाली के लिए ज्ञापन सौंपा है। इसके अलावा सूरजपुर शाखा के जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार साहू के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने 9 नवम्बर को महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मीदेवी राजवाड़े को ज्ञापन सौंपकर कर्मचारियों के हित और सुरक्षा की मांग की है। संगठन की अम्बिकापुर शाखा ने 2 नवम्बर को अजा/जजा/ओबीसी एवं अल्पसंख्यक विकास मंत्री रामविचार नेताम से मुलाकात कर बिजली कर्मचारियों के सुरक्षित भविष्य हेतु राज्य शासन से ओपीएस की दिलाने मांग की है। यहां बताना होगा कि वर्ष 2004 के बाद राज्य शासन सहित बिजली विभाग में कार्यरत कर्मचारियों के लिए पूर्ववर्ती सरकार ने पुरानी पेंशन योजना लागू करने की घोषणा की थी। जिसके परिपालन में राज्य शासन के समस्त विभागों में ओपीएस लागू हो चुका है और वेतन से एनपीएस के अंतर्गत हुई कटौती को ओपीएस में समायोजित कर कटौती चालू कर दी गयी है। उक्त घोषणा के बावजूद बिजली कम्पनी में 2004 के बाद भर्ती हुए अधिकारी कर्मचारी पुरानी योजना के लाभ से वंचित हैं। जिससे विद्युत कर्मियों में निराशा व्याप्त है और वे परिवार के सुरक्षित भविष्य को लेकर चिंतित हैं।

## बिजली कर्मचारी संघ महासंघ ने डीएसपीएम में किया शक्ति प्रदर्शन



शक्ति प्रदर्शन करते यूनियन के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ कोरबा द्वारा पावर कंपनी के तुगलकी फरमान के विरोध में प्रबंधन को नींद से जगाने के लिए 15 दिसंबर को डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व में गेट मीटिंग आमसभा आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जीपी राजवाड़े ने की। कार्यक्रम का क्रियान्वयन का संचालन यशवन्त राठौर द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सुरेश गुप्ता एवं श्रीमती पूर्णिमा साहू प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अभाविम ने कर्मचारियों को संबोधित किया। श्री राठौर ने भारत माता के जयकारे से कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए सभी साथियों को पावर कंपनी की कर्मचारी विरोधी नीतियों से अवगत कराते हुए पुरानी पेंशन बहाली, संविदा कर्मचारियों का मानदेय बढ़ोतरी के संबंध में जानकारी दी। इसके बाद मुख्य वक्ता महासंघ के महामंत्री नवरतन बरेठ ने पावर कंपनी के साथ पूर्व में हुई बैठक की सकारात्मक चर्चा के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बिजली कर्मचारी अधिकारी के बिजली बिल में दिए जा रहे विद्युत देयक छूट को बंद करने के एकतरफा आदेश का विरोध करते हुए पुनः छूट को चालू करने तथा अन्य ज्वलंत मांगों की पूर्ति के लिए 31 दिसम्बर तक आदेश प्रसारित करने के संबंध में अवगत कराया।

## गुरु घासीदास जयंती...





**कोरबा।** गुरुघासीदास जयंती के अवसर पर बुधवार को शहर में विशाल रैली निकाली गई, जिसमें समाज के अध्यक्ष नरायण लाल कुर्रे, उपाध्यक्ष श्रीमती सुनिता पाटले, उपाध्यक्ष (मनोनित) सत्येन्द्र डहरिया, सचिव आरडी भारद्वाज, कोषाध्यक्ष मनोद मनहर, कार्यकारिणी सदस्य सचिव कुर्रे, रिंकु आदिले, वरूण घृतलहरे सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## नपाप कटघोरा में पीएम आवास के 17 अधिकारियों को जारी की गई राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर पालिका परिषद कटघोरा क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत पात्र 17 हितग्राहियों को आवास निर्माण हेतु निर्धारित अनुदान राशि का भुगतान प्रणाली के माध्यम से सफलतापूर्वक किया गया। खाते में राशि जारी होने के बाद अब हितग्राही आवास निर्माण का कार्य शुरु कर सकेंगे।

मुद्रिका प्रसाद तिवारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद कटघोरा ने बताया कि योजना के अंतर्गत पात्र 17 हितग्राहियों के बैंक खातों में शासन द्वारा निर्धारित किश्तों के अनुसार राशि 10.71 लाख रू. सीधे अंतरित की गई है, जिससे शासन के मंशानुसार पारदर्शिता बनी है एवं हितग्राहियों को समय पर लाभ प्राप्त हुआ है स्पर्श प्रणाली के माध्यम से भुगतान होने से वित्तीय प्रक्रिया अधिक सुरक्षित, सरल एवं त्वरित हुई है। हितग्राहियों द्वारा समय पर राशि प्राप्त होने पर खुशी व्यक्त किया गया। साथ ही नगर पालिका परिषद कटघोरा के अध्यक्ष राज जायसवाल द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत किश्त की राशि भुगतान होने पर हितग्राहियों को शुभकामनाएं दी गई एवं सभी पात्र हितग्राहियों से अपील की गई है कि वे आवास निर्माण कार्य को शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें तथा आवश्यक दस्तावेज समय पर कार्यालय में प्रस्तुत करें। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के माध्यम से "सभी के लिए आवास" के लक्ष्य की पूर्ति हेतु नगर पालिका परिषद कटघोरा निरंतर प्रयासरत है।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, बरपाली, तहसील बरपाली, जिला-कोरबा (छ0ग0)**

**// ईश्तहार //**

**वि.प्र.क./**
**/ बी 121/ 2025-2026**
**ग्राम-कचोरा प0ह0नं0 10**
**तहसील-बरपाली, जिला-कोरबा (छ0ग0)**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष यादव पिता मकरू यादव जाति रावत निवासी ग्राम बिलासपुर तहसील बिलासपुर (छ0ग0) के द्वारा अपने पत्नी बिंदा का मृत्यु दिनांक 08/07/2008 को निवास ग्राम कचोरा में होने कारण मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है। आवेदन पत्र के साथ पृथक से शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं पंचनामा पेश किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था/ समिति को दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायलय में दिनांक 23/12/2025 तक न्यायालयीन समय में दावा/ आपत्ति पेश कर सकते नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बरपाली, जिला-कोरबा (छ0ग0)**




पृष्ठ 1 का शेष

### बैगलेस डे पर...

जाता है। कोरबा ब्लाक के अंतर्गत आने वाले आयुष विभाग की पाड़ीमार आयुर्वेद डिस्पेंशरी के योग प्रशिक्षक अंजली तिवारी की पदस्थापना की गई है। जिसके द्वारा प्रतिदिन क्षेत्र की महिलाओं और पुरुषों को योग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं शनिवार के दिन भदरापारा के प्राइमरी और मीडिल स्कूल के बच्चों को सुबह 8 बजे से प्रशिक्षण देने का कार्य किया जाता है। योग प्रशिक्षण में स्कूल के शिक्षक भी शामिल होने लगे हैं। साथ ही अधिक से अधिक बच्चों को योग की कक्षाओं में भेज भी रहे हैं। विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय अग्रवाल ने स्कूलों में योग की शिक्षा देने के लिए सभी स्कूलों के प्राचार्यों को निर्देशित किया है।

### कॉफी पॉइंट में...

की जांच के लिए कमेटी गठित की गई है। वन मंडल अधिकारी की कार्यवाही से वन विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर घने वनों के बीच बालको वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कॉफी पॉइंट को लाखों की लागत से वन विभाग ने सजाया संवारा है, जिसकी सुंदरता देखते ही बनती है। शहर के सबसे नजदीकी पर्यटन केंद्रों में सुमार कॉफी पॉइंट का एक अद्भुत नजारा देखने के लिए लोग बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। खास तौर पर शनिवार और रविवार के दिन यहां सबसे ज्यादा पर्यटकों की भीड़ रहती है। बताया जाता है कि पिछले दो वर्षों से यहां पदस्थ बीट गार्ड रामनरेश यादव द्वारा काफी पॉइंट में गेट एंट्री के नाम पर प्रवेश शुल्क लिया जाता रहा था। पिछले दिनों कोरबा वन मंडलाधिकारी प्रेमलता यादव ने कॉफी पॉइंट का औचक निरीक्षण किया और गेट एंट्री के नाम पर ली जा रही राशि के संबंध में बीट गार्ड रामनरेश यादव से पूछताछ की तो वह गोलमोल जवाब देता रहा जिसके बाद दस्तावेजों की पड़ताल की तो इस दौरान लाखों रुपए का घपला सामने आया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए वन मंडलाधिकारी प्रेमलता यादव ने तत्काल जांच करने का आदेश दिया था जांच में पाया गया कि कॉफी पॉइंट में एंट्री के नाम पर लाखों रुपए की हेरा फेरी की गई है। जिसके बाद बालको रेंज में पदस्थ बीट गार्ड रामनरेश यादव को निलंबित कर दिया गया है और मामले की आगे की और जांच के लिए कमेटी गठित की गई है।






## खबर संक्षेप

### स्वदेशी वस्तु अपनाने छात्रों ने लिया संकल्प

**कोरबा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2047 तक आत्मनिर्भर भारत के निर्माण हेतु सभी को स्वदेशी वस्तुएं अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कार्यक्रम को जिले में आगे बढ़ाते हुए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीडब्लूडी रामपुर के समिति के अध्यक्ष संजीव शर्मा द्वारा अपने साथियों के साथ स्कूल में बच्चों को कार्यक्रम के तहत इस संबंध में जानकारी दी और सभी शिक्षकों और बच्चों से यह आग्रह किया कि वह स्वदेशी वस्तुएं अपनाये एवं विदेशी वस्तुओं को बहिष्कृत करें ताकि वर्ष 2047 तक नरेंद्र मोदी का सपना आत्मनिर्भर भारत संपन्न हो सके। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शिक्षकों एवं बच्चों ने स्वदेशी अपनाने का संकल्प पत्र भरा एवं संकल्प लिया। कार्यक्रम में उनके साथ समिति संरक्षक शिव चंदेल, पार्षद श्रीमती ममता यादव, प्राचार्य श्रीमती माधुरी अग्रवाल, शिक्षकगण विभा शुक्ला, गणेशी सोनकर, निधि तिवारी, मंजुला यादव, बबीता साहू, वर्षा सोनी, कुलेश कुर्रे, गभेल सदस्य तुलसी सूर्यवंशी, पूजा खंडे, सोनसाय विश्वकर्मा सहित स्कूल के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

### धर्म ग्रंथों में दर्शाया गया है गौमाता का अलौकिक महत्व




**कोरबा।** धर्म विप्र काम मोक्ष के लिए मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने अवतार लिया। प्राचीन काल में हमारे धर्म ग्रंथों में गौ माता का अलोकिक महत्व दर्शाया गया है। पहले किसी भी देश की अर्थव्यवस्था गायों पर निर्भर करती थी और आज के जमाने में गाय गली-गली घूम रही है और कुत्ते घरों में रह रहे हैं। जिन घरो में गाय की ज्यादा हुंकार होगी उसी घर को गौरवशाली कहा जाता है। इस तरह का सारगर्भित उदगार आज प्रगति नगर दीपक में चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ में डॉ श्याम सुंदर पाराशर ने कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को श्रवण कराते हुए कहा। आज के कथा में नगर पालिका परिषद दीपिका के वरिष्ठ पार्षद पीआईसी सदस्य अरुणीश तिवारी ने महाराज का स्वागत अभिनंदन कर आशीर्वाद लेते हुए प्रगतिनगर वासियों के कल्याण की कामना किया। इस अवसर पर अश्वनी मिश्रा, धर्मेंद्र शुक्ला, अशोक शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

### सीएसआर मद के तहत निर्मित कार वाशिंग सेंटर का हुआ उद्घाटन

**कोरबा।** एस.ई.सी.एल कुसमुंडा क्षेत्र सदैव अपने




खदान से प्रभावित समीपवर्ती ग्रामों की उन्नति के प्रति सजग रहता आ रहा है तथा समय-समय पर आवश्यकता अनुसार ग्रामों की समस्याओं के निराकरण में अग्रणी रहता है। इसी कड़ी में मंगलवार को सचिन तनाजी पाटिल, महाप्रबंधक, एस.ई.सी.एल कुसमुंडा क्षेत्र के मार्गदर्शन में सी.एस.आर मद के तहत निर्मित माँ की आँचल स्व सहायता समूह द्वारा संचालित एवं संधारित कार वाशिंग सेंटर का उद्घाटन हुआ। माँ की आँचल स्व सहायता समूह कुसमुंडा के खान प्रभावित क्षेत्र के जटराज ग्राम की महिलाओं का एक समूह है जिन्होंने अपने वैकल्पिक रोजगार में सहायता हेतु सचिन तनाजी पाटिल महाप्रबंधक, एस.ई.सी.एल कुसमुंडा क्षेत्र से आग्रह किया। प्रभावित ग्रामवासियों की समस्याओं के प्रति महाप्रबंधक ने संवेदनशीलता एवं गंभीरता दिखाई। अपने कुशल मार्गदर्शन एवं सक्रिय भागीदारी से स्व सहायता समूह के स्थायी रोजगार हेतु सी.एस.आर मद से कार वाशिंग सेंटर की स्थापना की एवं उससे जुड़ी सामग्री को मुहैया करवाया। इस अवसर पर एस.ई.सी.एल कुसमुंडा क्षेत्र के महाप्रबंधक महोदय सहित समस्त वरिष्ठ अधिकारी, जटराज ग्रामवासी, माँ की आँचल महिला समूह के सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# धान उठाव करने वाली गाड़ियों की सतर्क ऐप से शुरु हुई निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

सहकारी समितियों से धान का उठाव करने वाली राइस मिलर्स की गाड़ियों का इस साल से सतर्क ऐप के द्वारा निगरानी की जा रही है। बीच रास्ते में गाड़ियों के कहीं भी रुकने पर इसका तत्काल मैसेज अधिकारियों के मोबाइल ऐप पर आ जा रहा है। कोरबा ब्लॉक में ऐसे दो मामले सामने आए हैं जिसमें धान लेकर जा रही गाड़ियों के नो एंट्री में रुकने से प्रशासनिक अधिकारियों के मोबाइल में मैसेज आ गया।

धान खरीदी की प्रक्रिया में जिस तरह से सरकार एक से एक नियम लगा रही है उससे खरीदी से लेकर परिवहन तक में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी होने की संभावना कम हो चली है। नए नियम के मुताबिक जिन राइस मिलर्स से धान उठाव के लिए अनुबंध हुआ है उन राइस मिलर्स की गाड़ियां जिस भी समिति में पहुंचेगी उस समिति में गाड़ी और चालक की फोटो खींचकर अपलोड किया जाएगा और जब धान लोडकर गाड़ी राइस मिल के लिए रवाना होगी उस समय भी दोबारा फोटोग्राफी की जाएगी। इस फोटोग्राफी में गाड़ी के नंबर का आना प्रमुख बात है। उक्त गाड़ियां जब समिति से रवाना होती है उसका भी मैसेज अधिकारियों के मोबाइल में अपलोड सतर्क ऐप में पहुंच जाता है। समिति और राइस मिल के बीच रास्ते में कहीं और गाड़ी रुकती है तो इसका भी मैसेज सतर्क ऐप में पहुंच जाएगा। इससे यह भी मालूम हो जाएगा कि उक्त गाड़ी किस रास्ते से पहुंच रही है। सरकार के इस सतर्क ऐप में आने से चालक और राइस मिलर्स भी परेशान हो रहे हैं क्योंकि उन्हें रास्ते में गाड़ी रोके जाने का कारण भी लिखित रुप से अधिकारियों को देना होगा।

## बीच रास्ते में धान की बोरियों के गायब होने के मामले पर लगेगी रोक

**खास बातें**

- कहीं भी गाड़ी रोकने पर तत्काल मैसेज आता है अधिकारियों के मोबाइल पर




### उठाव में आने लगी तेजी

समितियों से धान के उठाव में तेजी आने के कारण वर्तमान में धान जाम होने की समस्या फिलहाल नजर नहीं आ रही है। खरीदी के 15 दिन बाद से ही अनुबंध होते ही उठाव का काम शुरु हो गया था। इस बार धान उठाव के लिए 72 घंटे की बाध्यता को समाप्त कर दिया गया है। पूर्व में खरीदी के 72 घंटे के भीतर धान का उठाव करने का नियम था। इसके लिए राइस मिलर्स को अनुबंध शर्तों का पालन करना मजबूरी हो गई थी। उठाव नहीं होने की स्थिति में समिति प्रबंधकों और राइस मिलर्स के बीच तनावपूर्ण स्थिति निर्मित हो जाती थी। अब तक 4 लाख क्विंटल धान खरीदी हो चुकी है और 1 लाख 60 हजार क्विंटल धान का उठाव हो चुका है।

### गाड़ियों में लगे हैं जीपीएस सिस्टम

धान परिवहन में लगी सभी गाड़ियों में जीपीएस सिस्टम अनिवार्य किया गया है। इस जीपीएस सिस्टम के द्वारा ही धान का परिवहन करने वाली गाड़ियों का लोकेशन ट्रेस हो जा रहा है। 2 दिन पूर्व श्यांग धान खरीदी केंद्र से ट्रक धान लेकर निकला था और रात में शहर में प्रवेश करने के दौरान नो एंट्री होने से गाड़ियां रुक गई। जैसे ही यह गाड़ियां रुकी यह मैसेज मोबाइल ऐप के माध्यम से अधिकारियों तक पहुंच गया। इसी तरह एक और गाड़ी धान लेकर खरीदी केंद्र से निकली थी रास्ते में साप्ताहिक बाजार मिलने के कारण चालक और खलासी सब्जी खरीदने के लिए गाड़ी रोक दिए। इसका भी मैसेज सतर्क ऐप से अधिकारियों तक पहुंच गया।

## पति ने खाट के नीचे छिपकर बचाई जान

# झाला में सो रहे दंपती पर दंतैल ने किया हमला, पत्नी की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक दंपति अपने मवेशियों की निगरानी के लिए घर के समीप स्थित झाला में सोये हुए थे इस दौरान देर रात को दंतैल हाथी वहां जा धमका और हाथी की चिंघाड़ सुनकर भाग रही वृद्ध महिला को दंतैल ने मौत के घाट उतार दिया जबकि उसके पति ने खाट के नीचे छिपकर किसी तरह अपनी जान बचाई है। हाथी हमले के बाद गांव में दहशत व्याप्त हे। घटना के बाद वन अमला की टीम मौके पर पहुंची थी और मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता राशि प्रदान कर दी गई है।

**खास बात**

- कटघोरा वन मंडल के चैतमा रेंज के नीमपाली के छपराहीपारा की घटना

कटघोरा वन मंडल अतंर्गत चैतमा रेंज के ग्राम नीमपानी में निवासरत टिकैतराम मंझवार व उसकी पत्नी फूलसुंदरी मंझवार 60 वर्ष घर के बाहार बनाए गए झाला में सो रहे थे कि बुधवार तडक़े 3 बजे के लगभग लोनर हाथी अचानक वहां आ धमका और उसकी तेज चिंघाड़ को सुनकर फूलसुंदरी उठ गई और भागने लगी जबकि उसका पति खाट के नीचे छिप गया। महिला को भागते देख दंतैल हाथी ने दौड़ाकर उस पर हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गई। बाद में दंतैल हाथी से अपने पैरों व सूंड से कुचलकर मार डाला। दंतैल हाथी द्वारा नीमपानी गांव में वृद्धा पर किए गए हमले में मौत की सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचे और दंतैल को खदेडऩे के साथ आवश्यक कार्रवाई की उधर कटघोरा डीएफओ कुमार निशांत को जानकारी देते हुए बताया कि मृतिका के परिजनों को जिला पंचायत अध्यक्ष पवन सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति में तत्कालिक सहायता राशि रूपए 25 हजार उपलब्ध करायी गई है। डीएफओ श्री निशांत ने बताया कि वन्य प्राणी के हमले में जनक्षति पर शासन की और से 6 लाख रूपए जाने का प्रावधान है सो शेष राशि 5 लाख 75 हजार रूपए सभी औपचारिकताओं को पूरी करने के बाद दी जाएगी ज्ञात रहें बिलासपुर वन मंडल के सीपत रेंज से दंतैल हाथी पिछले दिनों कटघोरा वन मंडल में दस्तक दी थी जो क्षेत्र में लगातार उत्पात मचा रहा है। हाथी हमले में हुई महिला के मौत के बाद स्थानीय ग्रामीण भयभीत हैं। हालांकि वन विभाग की टीम दंतैल हाथी की निगरानी कर सावधान करने में जुटी हुई है।



वह स्थल जहां हुई घटना (इंसेट में मृतका)।



मृतका का घर।

### बिलासपुर से दस्तक दी थी दंतैल ने

शनिवार को बिलासपुर परिक्षेत्र से होते हुए एक दंतैल हाथी कटघोरा वन परिक्षेत्र पाली से विचरण करते हुए वन परिक्षेत्र चैतमा के परिसर हाथीबाडी कक्ष क्रमांक पी. 67 ग्राम सोनाईपुर में लोनर हाथी आने की सूचना मिली, सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्र चैतमा एवं पाली के क्षेत्रीय अमलों के द्वारा टीम बनाकर आस-पास के 10 किमी के दायरे के अंतर्गत आने वाले ग्राम क्रमशः सोनाईपुर, हाथीबाडी, पोटापानी, अलगीड़ाड, घुईंचुवा, कपोट, ईरफ, पटपरा, सगुना, जलहल, नीमपानी, बारीउमराव, बाईसेमर, सुरका, बुढवाचार, पहाड़गांव के सरपंचो एवं जनप्रतिनिधियों को सूचना देकर सतत रूप से कोटवार, हुटर एवं माईक के माध्यम से हाथी से बचाव हेतु लगातार प्रतिदिन मुनादी कराया जा रहा है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## कार में आग लगाकर तोड़फोड़ करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीती रात को तीन सिरफिरे युवकों ने दर्री रोड स्थित एक व्यापारी की कार में तोड़फोड़ करते हुए पेट्रोल छिड़ककर आग के हवाले कर दिया था। पुलिस ने मामले में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चंद घंटों के भीतर ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में सलाखों के पीछे भेज दिया है।

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत दर्री रोड निवासी आशीष अग्रवाल थोक राशन दुकान का संचालन करता है। उसकी कार दुकान के बाहर खड़ी हुई थी। इस दौरान मंगलवार की देर रात अज्ञात युवकों ने उसकी कार में पेट्रोल छिड़क कर आग के हवाले कर दिया था। आग लगते ही लोग सकते में आ गये थे और इसकी सूचना फायर ब्रिगेड और कोतवाली पुलिस को दी गई। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला था जिसके आधार पर कोतवाली पुलिस ने अमेरी थाना सिविल लाइन बिलासपुर निवासी संतोष केवट उर्फ मोटू 32 वर्ष पिता इतवारी केवट, रामसागरपारा निवासी शिव बंजारे उर्फ डील्ली 24 वर्ष पिता स्व जेठूराम बंजारे एवं चंदन गोंड 35 वर्ष पिता श्यामलाल गोंड को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि पकड़े गए तीनों युवक का दुकान संचालक आशीष अग्रवाल से पुरानी रंजिश थी जिसके चलते उन्होंने इस घटना को अंजाम दिया है। आरोपियों के धरपकड़ में सहायक उप निरीक्षक रामकुमार उइके, सहायक उप निरीक्षक टांकेश्वर यादव, सहायक उप निरीक्षक चक्रधर राठौर, प्रआर वासुदेव आदित्य, आरक्षक सुनील सिंह राजपूत,चंद्रकांत गुप्ता एवं आलोक पांडे की भूमिका रही।

## तेज रफ्तार कार ने एक्टिवा को मारी टक्कर, महिलाएं घायल



दुर्घटनाग्रस्त स्कूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक तेज रफ्तार कार के चालक ने तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सामने जा रही एक एक्टिवा को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे एक्टिवा सवार दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई है। जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

जानकारी के अनुसार चैतमा चौकी क्षेत्र अंतर्गत रजकम्मा निवासी उषा ध्रुव उम्र 33 वर्ष पति शंभू ध्रुव व हीराबाई नामक दोनों महिलाएं एक्टिव क्रमांक सीजी 12 बीयू 2058 में सवार होकर दोपहर लगभग 3 बजे चैतमा से रजकम्मा वापस जा रहे थे कि डिस्पोजल फैक्ट्री के समय पहुंचे थे कि पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार क्रमांक जेएच 02 ई 2773 के चालक के द्वारा तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे स्कूटी सवार उषा ध्रुव और और हीराबाई गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के होते ही स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों महिलाओं को स्थानीय अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल कराया गया है।

## मेडिकल कालेज में उपकरण की खरीदी का प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




बैठक को संबोधित करते संभागायुक्त।

संभागायुक्त सुनील जैन की अध्यक्षता में स्व. बिसाहू दास महंत स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा के स्वशासी समिति के प्रबंध कार्य कारिणी समिति की बैठक संभागायुक्त कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में स्व. बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय कोरबा के विभिन्न प्रस्तावों के संबंध में चर्चा हुई। चर्चा में चिकित्सा महाविद्यालय के बाह्य परीक्षकों के ठहरने की व्यवस्था, काउंसलिंग हॉल की साज-सज्जा के साथ-साथ चिकित्सालय में मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराये जाने की दृष्टिकोण से ब्लड सेंटर में स्थापित कम्पोनेट युनिट के संचालन हेतु विभिन्न उपकरण, रेडियोलॉजी विभाग के लिये 1 नग सीआर सिस्टम, ई-ऑफिस के सुचारू संचालन हेतु इंटरप्राइज फायरवॉल एवं अन्य आवश्यक उपकरण क्रय किये जाने के संबंध में प्रस्ताव परित किया गया है। बैठक में सचिव स्वशासी समिति एवं अधिष्ठाता डॉ. के. के. सहारे, संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. गोपाल सिंह कंवर, प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोरबा डॉ. सी. के. सिंह, उप अस्पताल अधीक्षक डॉ. दुर्गा शंकर पटेल, अशोक कुमार महिपाल, प्रशासकीय अधिकारी, सीजीएमएससी के अधिकारी एवं अन्य विभागों के सदस्यगण उपस्थित रहे।

**खास बात**

- संभागायुक्त की अध्यक्षता में स्वशासी समिति की हुई बैठक

## सूत सारथी समाज की बैठक संपन्न

**कोरबा।** एनटीपीसी जमनीपाली में सूत सारथी समाज की आवश्यक बैठक रविवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी डीआर सारथी ने की । बैठक में समाज के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और समाज के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न अहम मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया। बैठक के दौरान मुख्य रूप से समाज को संगठित करने और भविष्य की रूपरेखा तय करने पर जोर दिया गया। चर्चा में यह बात प्रमुखता से उभरी कि समाज की तरक्की के लिए संगठन का एकजुट होना पहली शर्त है।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

### हितग्राहियों के बैंक खातों में सीधे अंतरित की गई राशि

# निगम ने पीएमएवाई के 122 हितग्राहियों को किया 93 लाख 73 हजार रुपए का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत वर्तमान में 122 हितग्राहियों को कुल 93 लाख 73 हजार रूपये का भुगतान किया गया है। निगम द्वारा हितग्राहियों के बैंक खातों में यह राशि सीधे अंतरित कर दी गई है, साथ ही निगम द्वारा संबंधित हितग्राहियों से कहा गया है कि वे आवास निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए समयसीमा में आवासगृहों का निर्माण कार्य पूरा कराएं।

केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 का सफल क्रियान्वयन नगर निगम क्षेत्रांतर्गत किया जा रहा है, इसके तहत पात्र हितग्राहियों का चयन कर इन हितग्राहियों को पक्का आवास उपलब्ध कराने एवं योजना का अधिकाधिक लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने की दिशा में केंद्र सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के तहत निरंतर आवश्यक कार्यवाही निगम द्वारा कराई जा रही है। हितग्राहियों को समय पर सभी किश्तों का भुगतान हो, यह भी सुनिश्चित कराया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत पीएम आवास योजना (शहरी) 2.0 के 122 हितग्राहियों को वर्तमान में 93 लाख 73 हजार रूपये का भुगतान किया गया है तथा यह राशि संबंधित हितग्राहियों के बैंक खातों में सीधे अंतरित कर दी गई है। महापौर एवं आयुक्त ने पीएमएवाई के इन हितग्राहियों से अपील करते हुए कहा है कि वे निर्धारित समयसीमा 18 माह की अवधि के अंदर अपने आवास का निर्माण कार्य पूरा करें तथा राज्य सरकार की महती योजना मुख्यमंत्री गृहप्रवेश सम्मान योजना के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली 32 हजार 850 रूपये की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि भी प्राप्त करें। यहां उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री गृहप्रवेश सम्मान योजना का क्रियान्वयन कर पीएमएवाई के ऐसे हितग्राहियों को 32 हजार 850 रूपये की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि प्रदान किए जाने का प्रावधान किया गया है, जिन हितग्राहियों द्वारा 18 माह के अंदर अपने आवासगृह का निर्माण पूर्ण कर लिया जाता है।

### नपा बांकीमोंगरा में 25 हितग्राहियों को प्रथम किश्त जारी



नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा क्षेत्र के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत 25 पात्र हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि का भुगतान किया जा चुका है, प्रथम किश्त की यह राशि सीधे हितग्राहियों के बैंक खाते में अंतरित कर दी गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना का सफल क्रियान्वयन नगर पालिका बांकीमोंगरा क्षेत्रांतर्गत किया जा रहा है, इसके तहत पात्र हितग्राहियों का चयन कर इन हितग्राहियों को सुविधायुक्त पक्का आवास उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार कार्य पालिका द्वारा किए जा रहे हैं तथा छग सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार हितग्राहियों को समय पर राशि का भुगतान हों, यह भी सुनिश्चित कराया जा रहा है। इसी कड़ी में बांकीमोंगरा नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत 25 पात्र हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि का भुगतान वर्तमान कर दिया गया है तथा यह राशि सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों में अंतरित की गई है।

